मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 72, मुंबई, शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## किसानों के सुसाइड पर बड़ा खुलासा

### 479 ने की आत्महत्या लेकिन मुआवजा सिर्फ 176 को



मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या चिंता का कारण बनी हुई हैं। किसानों की आत्महत्या के बढ़ते मामलों ने सरकार को भी परेशानी में डाल रखा है। कभी फसलों की बबादी तो कभी कर्जमाफी से मनाही से त्रस्त होकर किसानों को आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़ता है। इस मामले को विधानसभा में भी उठाया गया। विधानसभा में किसानों की आत्महत्या को लेकर मंत्री मकरंद जाधव ने एक रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में मंत्री ने किसानों की आत्महत्या के मामले में कितने किसान मुआवजे के पात्र रहे और कितने अपात्र रहे, इसका खुलासा किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### राहुल गांधी ने उठाया था किसानों की आत्महत्या का मुद्दा

हाल ही में लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने भी महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या के आंकड़ों पर चिंता जताई थी। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र सरकार और केंद्र सरकार को इस मामले में ध्यान देने के लिए कहा था। उन्होंने पिछले तीन महीने के आंकड़ें बताते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में सिर्फ तीन महीने में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली और सरकार बस चुपचाप देख रही है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र का किसान रोजाना कर्ज की गहराई में डूबता जा रहा हैं। बीज, खाद, डीजल महंगा होता जा रहा है लेकिन एमएसपी की कोई गारंटी नहीं हैं।

## जैकलीन फर्नांडिस को हाईकोर्ट से झटका




मनी लॉन्ड्रिंग केस में याचिका खारिज

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस को 200 करोड़ रुपये के बहुचर्चित मनी लॉन्ड्रिंग केस में राहत नहीं मिल पाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को उनकी वह याचिका खारिज कर दी जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर आरोपपत्र को रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ ने एक्ट्रेस की याचिका को खारिज करते हुए साफ किया कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई में कोई लीगल गलती नहीं है और विशेष अदालत ने जो संज्ञान लिया है। जैकलीन फर्नांडिस की याचिका में निचली अदालत में चल रही कार्यवाही और ईडी द्वारा दायर दूसरे पूरक आरोपपत्र को भी रद्द करने की मांग की गई थी, लेकिन कोर्ट ने इसमें हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## ट्यूशन जाने बोला तो 57वीं मंजिल से लगा दी छलांग



### टीवी एक्ट्रेस के घर दर्दनाक हादसा

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** यहां के कांदिवली इलाके की सी ब्रुक इमारत से कूदकर 14 साल के लड़के ने आत्महत्या कर ली। वजह सिर्फ इतनी कि मां ने उसे ट्यूशन जाने के लिए कह दिया था। कांदिवली पुलिस ने एडीआर के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार शाम पंत आरती मकवाना नाम के लड़के ने इमारत की 57वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पंत की मां आरती गुजराती टीवी के धारावाहिकों में काम करती थीं। बच्चा हमेशा ट्यूशन जाने में टालमटोल करता रहता था। घटना वाले दिन भी ट्यूशन को लेकर दोनों के बीच बहस छिड़ गई। मृतक की मां ने बताया कि उसे ट्यूशन जाने के लिए कहा तो उसने मना कर दिया था लेकिन मां ने जोर देकर कहा कि ट्यूशन तो जाना ही पड़ेगा तो इसके बाद वह गुस्से में घर से बाहर चला गया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)


## मुआवजे को लेकर धमका रहा एयर इंडिया

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश : भड़के मृतकों के परिजन

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** पिछले महीने 12 जून को अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों ने एयर इंडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों ने एयर इंडिया पर ये आरोप लगाया है कि एयरलाइंस वित्तीय निर्भरता से जुड़े कागजातों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर कर रहा है, जिससे मुआवजे की रकम कम की जा सके। परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें धमकी दी जा रही थी कि अगर वे कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रश्नावली को पूरा करने में विफल रहे तो उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### 1,050 करोड़ रुपए बचाने की कोशिश

नीनन का कहना है कि एअर इंडिया पीड़ित परिवारों के साथ अमानवीय और अपमानजनक तरीके से पेश आ रही है। कंपनी इस रवैये के जरिए लगभग 1,050 करोड़ रुपए बचाने की योजना बना सकती है। उन्होंने मामले की स्वतंत्र जांच की मांग भी रखी है। साथ ही, उन्होंने अपने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे कोई फॉर्म न भरें और मुआवजे के लिए कानूनी विकल्प अपनाएं।

## हमारी बात

### लोकतंत्र को सिकोड़ना

**क्या निर्वाचन से जुड़ी एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया को एकतरफा और मनमाने ढंग से संपन्न कराने का तरीका लोकतांत्रिक कहा जाएगा? मतदाता सूचियों का गहन संशोधन अपने-आप में विवाद का मुद्दा नहीं है। मगर यह काम सबको भरोसे में लेते हुए होना चाहिए।**

ठोस संकेत हैं कि बिहार में मतदाता सूची के गहन संशोधन की प्रक्रिया पर विपक्षी दलों के साथ निर्वाचन आयोग की बैठक सद्भाव के माहौल में नहीं हुई। पहला विवाद तो इस पर ही हुआ कि विपक्षी दलों की नुमाइंदगी कौन कर सकता है और हर दल से कितने प्रतिनिधि बैठक में भाग ले सकते हैं। इस बारे में निर्वाचन आयोग ने जो नियम लागू किए, वे सचमुच आश्चर्यजनक हैं। विपक्षी नेताओं ने बैठक के बाद जो बताया, उससे साफ है कि आयोग उनकी किसी शिकायत को सुनने या उनकी आशंकाओं को तव्वजो देने के मूड में नहीं था। नतीजतन, एक विपक्षी नेता ने पत्रकारों के सामने कहा कि अगर उनकी बात नहीं सुनी जा रही है, तो ये लड़ाई सड़कों पर उतरेगी! निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के प्रति चुनाव में समान हित रखने वाले एक पक्ष के ऐसे अविश्वास से क्या संकेत ग्रहण किया जा सकते हैं? क्या निर्वाचन से जुड़ी एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया को एकतरफा और मनमाने ढंग से संपन्न कराने का तरीका लोकतांत्रिक कहा जाएगा? आयोग मतदाता सूचियों का गहन संशोधन करना चाहता है, तो यह अपने-आप में किसी विवाद का मुद्दा नहीं है। मगर यह काम तसल्ली से और सबको भरोसे में लेते हुए होना चाहिए। जिस दौर में आयोग के गठन से लेकर उसके निर्णय एवं भूमिकाओं पर तरह-तरह के सवाल खड़े हों, बगैर सर्वदलीय सहमति बनाए एक राज्य में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इस तरह की महति प्रक्रिया शुरू कर देना आयोग की समस्याग्रस्त कार्यशैली को जाहिर करता है। विपक्ष को अगर अंदेशा है कि संशोधन प्रक्रिया में तकरीबन दो करोड़ मतदाताओं के नाम लिस्ट से बाहर हो सकते हैं, तो इस बारे में उसे आश्वस्त करने की जरूरत है। आयोग को समझना चाहिए कि नागरिकता प्रामाणित करने की एक अलग प्रक्रिया है, जिसे प्रस्तावित जनगणना के साथ सरकार संपन्न कर सकती है। मतदाता सूची संशोधन को परोक्ष रूप से ऐसी प्रक्रिया बनाना उचित नहीं है। आयोग का काम चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम संभव सहभागिता सुनिश्चित करना है- इस राह में बाधा डालना नहीं। अतः उसे तुरंत विपक्ष को आश्वस्त करने वाले कदम उठाने चाहिए।

# मधुबनी में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025: जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने खुद ली जमीनी हकीकत, मतदाताओं को दी जागरूकता की सीख

**मधुबनी।** अपने दरवाजे पर जिलाधिकारी सहित निर्वाचन की टीम को पाकर अत्यंत खुश एवं प्रफुल्लित नजर आ रहे थे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का मूल उद्देश्य शुद्ध पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है जिलाधिकारी मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने अपने क्षेत्र भ्रमण के तहत जयनगर प्रखंड के दुलीपट्टी पंचायत के खैरा टोल ग्राम में पहुंचकर गहन पुनरीक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने प्रमिला देवी,चमेली देवी सहित कई मतदाताओं को दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दिया एवं उनसे फीडबैक भी प्राप्त किया। इसके उपरांत मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिलाधिकारी ने।



जयनगर प्रखंड के दुलीपट्टी पंचायत के महादलित टोला स्थित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि आपके मन में जितने भी प्रश्न हैं हमसे पूछ लीजिए परंतु 26 जुलाई के पहले यह फॉर्म भरकर अनिवार्य रूप से जमा कर दीजिए,ताकि एक भी योग्य मतदाता का नाम सूची में छुटे नहीं जिलाधिकारी ने बासोपट्टी प्रखंड के सेलिबेली पंचायत स्थित बरपूर्वा ग्राम में पहुंचकर जीविका दीदियों के साथ जमीन पर बैठ कर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया एवं अभियान को लेकर फीड बैक भी प्राप्त किया। गौरतलब हो कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मधुबनी जिले में जीविका दीदियों को महत्वपूर्ण जवाबदेही दी गई है। गणना प्रपत्र उपलब्ध करवाना, प्रपत्र भरने में विशेषकर महिला मतदाताओं को सहयोग करना एवं गणना प्रपत्र का संग्रहण करने की जवाबदेही दी गई।


इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बासोपट्टी प्रखंड के मध्य विद्यालय सेलिबेली पहुंचकर बीएलओ,जीविका दीदियों आदि से गहन पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली जिलाधिकारी कई मतदाताओं से भी बात कर उनका फीडबैक लिया।गणना प्रपत्र के वितरण, संग्रहण एवं अपलोडिंग के बारे में पूछताछ की उन्होंने कहा कि कोई भी योग्य मतदाता नहीं छूटे। भारत निर्वाचन आयोग हर एक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है जिलाधिकारी ने आज विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर बीएलओ को विहित प्रपत्र भरने में मतदाताओं को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने तथा डोर टू डोर भ्रमण कर शत प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरी जवाबदेही से ससमय पूरा करने, सही -सही फार्म भरवाने, एक प्रति वापस लेने तथा अपलोडिंग करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। मतदान केंद्र पर मौजूद कई मतदाताओं से भी उन्होंने आवश्यक फीडबैक प्राप्त किया। मतदाताओं में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सहभागिता तथा अपने दरवाजे पर जिलाधिकारी सहित निर्वाचन की टीम को पाकर अत्यंत खुश एवं प्रफुल्लित नजर आ रहे थे जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती हेतु मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील की। मतदाताओं विशेषकर महिला, वृद्ध दिव्यांग वोटर से बातचीत करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि फार्म भरने की प्रक्रिया सहज एवं सुगम है।

उन्होंने फार्म भरने की विंदुवार जानकारी दी तथा बांछित दस्तावेज के लिए आयोग द्वारा निर्धारित 11 में से किसी एक डोक्युमेंट को संलग्न कर एक प्रति बीएलओ को जमा करने को कहा। उन्होंने मतदाताओं से किसी अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का मूल उद्देश्य शुद्ध पारदर्शी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना है। उन्होंने कहा कि मतदाता को किसी भी जानकारी के लिए टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल कर सकते है। उक्त अवसर पर एडीएम मुकेश रंजन, डीपीआरओ परिमल कुमार, एसडीओ जयनगर, सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संदेश ज्यादा, सार कम

**क्वॉड के गठन का मकसद बेशक चीन का मुकाबला करना रहा हो, मगर कभी ये मकसद दो-टूक घोषित नहीं किया गया। इसीलिए ये हकीकत कायम है कि इस मंच पर बातें तो खूब होती हैं, मगर वे आगे नहीं बढ़ती हैं।**

क्वाड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वॉड) के विदेश मंत्रियों की बैठक में पहलगाम हमले की निंदा की गई। इसे अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके संगठनकर्ताओं, और उन्हें आर्थिक मदद देने वालों को दंडित करने का आह्वान किया गया। मगर ये आतंकवादी कौन हैं और उनकी पीठ पर किसका हाथ है, इसका कोई उल्लेख भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के इस समूह के बयान में नहीं हुआ। यानी पाकिस्तान का नाम नहीं आया। ना ही ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख हुआ। इसके बदले सीमापार आतंकवाद सहित दहशतगर्दी



के सभी रूपों की निंदा की गई। याद करें, तो पहलगाम में आतंकवादी हमले के तुरंत बाद तमाम देशों ने लगभग इसी शब्दावली में उसकी निंदा की थी। अब अगर उतनी ही बात क्वॉड ने कही है, तो भारत के लिए यह कितने संतोष की बात होनी चाहिए, यह विचारणीय प्रश्न है। भारतीय विदेश नीति एक बार फिर से पाकिस्तान केंद्रित हो गई है- यानी हर मंच पर पाकिस्तान की निंदा और विश्व मंचों पर उसे अलग-थलग कराना भारतीय विदेश नीति का सर्व-प्रमुख मकसद बन गया दिखता है। मगर परस्पर विरोधी उद्देश्यों के लिए कार्यरत शंघाई सहयोग संगठन से लेकर क्वॉड तक इसमें भारत को कामयाबी मिलती नहीं दिखी है। क्वॉड की बैठक में चीन की आलोचना भी परोक्ष रूप से की गई। क्वॉड ने बगैर चीन का नाम लिए रेयर अर्थ खनिजों को हथियार बनाने की निंदा की और इस बारे में एकाधिकार तोड़ने का इरादा जताया। मगर इसकी कोई कार्य- योजना घोषित नहीं हुई है। मसलन, कौन इसमें पहल करेगा, निवेश कौन करेगा और कैसे वो सूरत लाई जाएगी, जिसमें चीन इन खनिजों का निर्यात रोक कर बाकी दुनिया में आधुनिक तकनीक से जुड़े कारोबार को बाधित ना कर दे। इसी तरह बिना चीन का नाम लिए दक्षिण और पूर्वी चीन सागर में मुक्त नौवहन की वकालत की गई। आरंभ से ही क्वॉड की यह दिक्कत रही है। उसके गठन का मकसद बेशक चीन का मुकाबला करना रहा हो, मगर कभी ये मकसद दो-टूक घोषित नहीं किया गया। इसीलिए ये हकीकत कायम है कि इस मंच पर बातें तो खूब होती हैं, मगर वे आगे नहीं बढ़ती हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुफ्त मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन


**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा इस्ट शिवम नर्सिंग होम खेरवाड़ी पोलिस स्टेशन के पास गोर्वमेंट कोलोनी बिल्डिंग नंबर ६ में तारीख ३ जुलाई २०२५ को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार गट के असंघटित कामगार विभाग के मुंबई अध्यक्ष जसवंत बडसीवाल की जानिब से महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मनोज शालन शंकर व्यवहारे के जन्मदिन के अवसर पर मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन हुआ। इस मेडिकल केंप में हजारों लोगों ने इसका फायदा उठाया और अपना मेडिकल चेकअप करवाया इस मेडिकल चेकअप केंप में आईसीयु, पीआईसीयु, मेटरनिटी, सर्जिकल, जनरल और डायग्नोस्टिक जैसे चेकअप किए गए। इस मौके पर मनोज शालन शंकर, जसवंत बडसीवाल, के साथ साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस अजीत पवार गट के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। डॉक्टर महेश शिर्के और उनकी पुरी टीम ने शिवम नर्सिंग होम की जानिब से केक कटवा कर मनोज शालन शंकर को जन्मदिन की बढ़ाई दिए और मरिजों चेकअप किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार गट की जानिब से आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया और प्रोग्राम को कामयाब बनाया गया।



# अभिनेत्री प्रवती का जीवन कहानी सबसे अलग

**दिल्ली।** कलकत्ता शहर कीं मगर विशेष व्यक्तित्व कीं धनी लडकी ने सपना देखा ल वह था फिलमों की चमकती दुनिया में अपनी पहचान बनाने की सपना! यह कहाणी है अभिनेत्री मॉडेल प्रवती की जो आज हजारो युवाओ के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं जो मुंबई के मायानगरी में आनेवाली हैं अकस्कर बडे सपने देख ने की उम्मीद की नही जाती लेकिन प्रवती कहती हैं अगर आपमे जज्बा हैं सपनो को पुरा करणे के लिए सिर्फ मेहनत की विश्वास कि जरुरत होती हैं बाकी सब रास्ते खुद बनते जाते हैं यदी आप क्योकीं आपको मार्ग से विचलित करने वाले तत्व हजारो मिलेंगे मगर अभिनेत्री प्रवती भविष्यमे वृद्ध आश्रम को हेल्प करने वाली हैं



अभिनेत्री प्रवती ने आपणा सपना जिंदा रखा हैं हर कठीनाई और अस्विकृती को अपने आतम्बल और मेहनत से मात दी प्रवती जब किशोरवस्था में ही थी तभी कुछ कर गुजरने का जुनून लिए घर को छोड दिया और पहिले दिल्ली में आ गई और थेटर में कही साल काम किया आल्बम में किया सिरीयल भी उनको मुंबई में ऑफर आया वेबसीरज और आल्बम काम आया जल्दी ही सुटटींग का काम सुरु होगा आज प्रवती सिर्फ एक अभिनेत्री नहीं हैं वह ऊन हजारो लडकियों की उम्मीद हैं जो गांव में बैठकर एक नई सुबह का सपना देखती हैं प्रवती की कहाणी हमें यह सिखाती हैं सपनो की कोई सीमा नहीं होती बस उडान भरने का हौसला होना चाहिये।

# इनर व्हील क्लब और रोटरी क्लब का पुस्तक वितरण संपन्न




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई की प्रसिद्ध सामाजिक संस्थाएं इनर व्हील क्लब ऑफ बॉम्बे नॉर्थ वेस्ट और रोटरी क्लब ऑफ बॉम्बे नॉर्थ वेस्ट के संयुक्त सहयोग से शेठ एन एल हाईस्कूल हिंदी प्राथमिक विभाग में विद्यार्थियों को वर्कबुक वितरित किया गया। रोटरी क्लब की प्रेसिडेंट भावना गुप्ता, इनर क्लब की प्रेसिडेंट सीमाकांत, ट्रेजर सुमन विजन, आइएसओ प्रीति छनियारा, सीसी अनीता अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर जय श्री भट्ट समेत अनेक गणमान्य उपस्थित थे। लगभग 200 विद्यार्थियों को 500 से अधिक वर्क बुक्स प्रदान किया गया।

# ‘पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ’

## भदोही के गणेश दुबे ने दिल्ली में मंत्री कपिल मिश्रा संग किया वृक्षारोपण, अब तक लगाए 2000 से अधिक पौधे

पर्यावरण के लिए समर्पित भदोही पिपरीस निवासी गणेश दुबे ने राजधानी दिल्ली में कैबिनेट मंत्री श्री कपिल मिश्रा जी के साथ वृक्षारोपण किया श्री दुबे ने बताया कि हम अपनी टीम के साथ वर्ष 2024 से पौधारोपण कार्य कर रहे हैं अब तक 2000 से अधिक पौधे हम लगा चुके हैं पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए और उनका संरक्षण करना चाहिए पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ’ एक प्रसिद्ध नारा है जो पेड़ों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देता है यह नारा हमें याद दिलाता है कि पेड़ हमारे जीवन के लिए कितने आवश्यक हैं और हमें उन्हें बचाने और अधिक से अधिक लगाने की आवश्यकता है।



## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### किसानों के सुसाइड पर बड़ा खुलासा

महाराष्ट्र के राहत और पुनर्वास मंत्री मकरंद जाधव ने राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्रों में मार्च 2025 में 250 किसानों की आत्महत्या हुई और अप्रैल 2025 में 229 किसानों की आत्महत्या हुई। मराठवाड़ा और विदर्भ के क्षेत्रों में मार्च के आंकड़ें पर बात करते हुए मंत्री मकरंद जाधव ने बताया कि मार्च में आत्महत्या करने वाले 250 किसानों में से 102 सरकारी मुआवजे के लिए पात्र थे, 62 अयोग्य थे और 77 मामलों की जांच चल रही है। अप्रैल में आत्महत्या करने वाले कुल 229 किसानों में से 74 मुआवजे के पात्र हैं, 31 अपात्र हैं और 124 मामले जांच के लिए लंबित हैं। इस पर अब सवाल यह उठता है कि पिछले दो महीनों में कुल 479 किसानों ने आत्महत्या की और इनमें से केवल 176 किसान ही मुआवजे के पात्र है। ऐसे में बाकि किसानों के परिवारों का क्या होगा, जिन्होंने अपना मुख्य स्त्रोत तो खी ही दिया लेकिन साथ आगे बढ़ने के लिए किसी भी प्रकार की मदद भी नहीं मिल रही।

### जैकलीन फर्नांडिस को हाईकोर्ट से झटका

ईडी की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि विशेष अदालत ने आरोपों पर संज्ञान ले लिया है और इसे चुनौती नहीं दी गई है। ऐसे में याचिका का कोई औचित्य नहीं बनता। गौरतलब है कि जैकलीन इस केस में मुख्य आरोपी नहीं हैं, लेकिन जांच के दौरान उनके नाम कई बार सामने आ चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय की जांच के अनुसार, अभिनेत्री को सुकेश चंद्रशेखर से महंगे गिफ्ट, कार और अन्य कीमती वस्तुएं मिली थीं। आरोप है कि सुकेश ने यह सारी चीजें 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से हासिल की गई धनराशि से खरीदी थीं। यह मामला दिल्ली पुलिस की उस एफआईआर पर आधारित है जिसमें सुकेश चंद्रशेखर पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर और मालविंदर सिंह की पत्नियों से भारी धोखाधड़ी करने का आरोप है। जांच एजेंसियों ने इस केस में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम भी लागू किया है। सुकेश और उसकी पत्नी लीना पॉलोज पर आरोप है कि उन्होंने हवाला नेटवर्क के माध्यम से अवैध धन को सफेद करने की कोशिश की। इसके लिए उन्होंने कई फर्जी कंपनियां बनाई और बड़े पैमाने पर आर्थिक अपराधों को अंजाम दिया। जैकलीन फर्नांडिस पर आरोप है कि उन्होंने सुकेश से जुड़े इन आर्थिक लेन-देन में अप्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त किया है।

### ट्यूशन जाने बोला तो 57वीं मंजिल से लगा दी छलांग

कुछ देर बाद इमारत के वॉचमैन ने बताया कि पंत इमारत से नीचे गिर गया है। बदहवास मां ने नीचे उतरकर देखा तो पंत खून से लथपथ जमीन पर मृत पड़ा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस लड़के को किसी ने कूदते देखा या नहीं, यह सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं। गुरुवार को पुलिस ने इमारत में लगे सीसीटीवी को चेक किया और एडीआर के तहत मामला दर्ज कर लिया। सी बुक इमारत में रहने वाली अभिनेत्री का इकलौता बेटा पंत स्वभाव से जिद्दी था, उसे पढ़ाई-लिखाई से ज्यादा खेलकूद में रुचि थी जबकि मां चाहती थी कि वह पढ़ लिखकर नाम कमाए। हर बार दोनों के बीच पढ़ाई और ट्यूशन को लेकर झगड़ा होने की बात पड़ोसियों को भी पता थी। जिस दिन हादसा हुआ उस दिन भी मां ने उसे पढ़ाई पर ध्यान देने की हिदायत दी थी। उसे इस बात का जरा भी इल्म नहीं था कि इस बार बेटा कुछ ज्यादा ही बड़ा कदम उठा लेगा।

### मुआवजे को लेकर धमका रहा एयर इंडिया

अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजनों को एयर इंडिया मुआवजा देने से बचने की कोशिश कर रही है। यह आरोप 40 से अधिक पीड़ित परिवारों का केस लड़ने वाली ब्रिटेन की कानूनी संस्था स्टीवर्ट्स ने लगाए हैं। स्टीवर्ट्स इस समय 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों की ओर से मुकदमा लड़ रही है। फर्म के वकील पीटर नीनन ने बताया कि एयर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से संवेदनशील आर्थिक जानकारी मांगी, जिससे उनका हक प्रभावित हो सकता है। दूसरी ओर, एयर इंडिया ने इन आरोपों को खारिज किया है।

## पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के साथ मजबूती से खड़ा हुआ घाना

पश्चिम-एशिया, रूस-यूक्रेन संघर्ष पर चिंता जताते हुए संवाद-कूटनीति से समस्या के समाधान पर दिया जोर

# दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत बनाने को लेकर जताई सहमति

*पीएम मोदी और राष्ट्रपति महामा के बीच घाना में हुई द्विपक्षीय बैठक के बाद निकलकर सामने आया यह निष्कर्ष*

*कुल चार एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर*

*भारत-घाना ने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक साझेदारी में तब्दील करने का लिया निर्णय*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान तनाव के मध्य गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के बीच घाना के जुबली हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। जिसमें दोनों देशों की आपसी भागीदारी को द्विपक्षीय के स्तर से आगे बढ़ाते हुए व्यापक भागीदारी में बदलने का निर्णय लिया गया। आतंकवाद और खासतौर पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी हमले के मुद्दे पर दोनों शीर्ष नेताओं ने न केवल बातचीत की। बल्कि इस मामले में भारत को पश्चिमी अफ्रीकी देश घाना का एकजुटता के साथ समर्थन मिला। साथ ही आतंकवाद के खिलाफ जारी अंतरराष्ट्रीय लड़ाई को मजबूत बनाने को लेकर भी दोनों नेताओं ने अपनी सहमति प्रदान की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। गौरतलब है कि बीते 30 वर्षों के बाद हो रही किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली घाना यात्रा है। जिसके तहत ही पीएम ने इन तमाम बैठकों में भारत का नेतृत्व किया।

### मानवता का दुश्मन है आतंकवाद

बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति महामा और मैं एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। उन्होंने इसके विरूद्ध भारत की लड़ाई में सहयोग प्रदान करने के लिए घाना का आभार जताया। साथ ही कहा, इस संदर्भ में हमने आतंकवाद से मुकाबले में आपसी सहयोग को और मजबूत करने का निर्णय लिया है। बैठक में पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन में जारी संघर्षों को लेकर दोनों नेताओं ने गहरी चिंता व्यक्त की। भारत और घाना का मानना है कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्या का समाधान संवाद और कूटनीति के जरिए निकाला जाना चाहिए।

### 3 बिलियन डॉलर के पार पहुंचा व्यापार



पीएम ने कहा, बैठक में राष्ट्रपति महामा और मैंने अपनी द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाने का फैसला लिया है। भारत, घाना के इस राष्ट्र निर्माण की यात्रा में केवल एक सहयोगी नहीं, बल्कि एक सह-यात्री है। यह भव्य जुबली हाउस, विदेश सेवा संस्थान, इंडिया-घाना कोफी अन्नान आईसीटी सेंटर सिर्फ ईंट-पत्थर नहीं, हमारी साझेदारी के जीवंत प्रतीक हैं। दोनों देशों का द्विपक्षीय व्यापार 3 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया है। भारतीय कंपनियों ने करीब 900 परियोजनाओं में 2 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। फिनटेक क्षेत्र में भारत, यूपीआई डिजिटल पेमेंट का अनुभव घाना के साथ बांटने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति महामा के आर्थिक पुनर्गठन के प्रयासों में भारत के पूर्ण समर्थन और सहयोग का पीएम मोदी ने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देश ग्लोबल साउथ के सदस्य हैं और उसकी प्राथमिकताओं के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री ने विकास भागीदारी को साझेदारी का एक मूल स्तंभ बताया।

### ग्लोबल साउथ की चिंताओं पर जताई प्रतिबद्धता

विदेश मंत्रालय ने बताया कि इन बैठकों में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति महामा के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, कृषि, क्षमता निर्माण, डिजिटल प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे, रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत बनाने, दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने पर चर्चा की गई।पीएम मोदी ने घाना की एकजुटता और वहां रह रहे कुल 15 हजार भारतीयों की देखभाल के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

### यूएन सुधारों पर किया मंथन

दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुधारों के अलावा साझा हितों से जुड़े हुए वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने घाना को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में उसके कार्यकाल और राष्ट्रमंडल महासचिव के रूप में घाना के विदेश मंत्री के चुनाव के साथ उसकी बढ़ती अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए बधाई दी। लोकतांत्रिक मूल्यों, दक्षिण-दक्षिण सहयोग, सतत विकास और वैश्विक शांति के लिए साझा दृष्टिकोण के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। प्रधानमंत्री ने घाना में बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार, देश के निवेश का स्वागत किया। इसके अलावा विकास सहयोग साझेदारी, खासतौर पर भारत समर्थित बुनियादी ढांचे, क्षमता निर्माण परियोजनाओं के जरिए और सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता जताई। भारत ने स्वास्थ्य, औषधि, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, यूपीआई और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में अपने अनुभव साझा करने की पेशकश की।

### इन चार एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

दोनों देशों के बीच कुल चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। जिसमें सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम को लेकर किया गया एमओयू, भारतीय मानक ब्यूरो और घाना मानक प्राधिकरण के बीच हुआ एमओयू, घाना के पारंपरिक-वैकल्पिक चिकित्सा संस्थान और भारत के आयुर्वेद शिक्षण-अनुसंधान संस्थान के बीच हुआ समझौता ज्ञापन और उच्च स्तरीय संवाद को संस्थागत बनाने व नियमित रूप से द्विपक्षीय सहयोग तंत्र की समीक्षा करने के लिए संयुक्त आयोग की बैठक पर किया गया एमओयू शामिल है।

## भारत-अमेरिका का संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'निसार'

# प्राकृतिक आपदा आने से पहले दुनिया को कर देंगे अलर्ट


मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पृथ्वी की सतह की निगरानी, भूकंप और भूस्खलन जैसी आपदाओं का सटीक पूर्वानुमान और पर्यावरणीय बदलावों की विस्तार से जानकारी अब जल्द ही भारत-अमेरिका के संयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'निसार' (एनआईएसएआर) के जरिए संभव होगी।

नासा और इसरो के इस संयुक्त मिशन की लॉन्चिंग जुलाई 2025 के अंत तक आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से जीएसएलवी रॉकेट के माध्यम से की जाएगी। इसकी कुल लागत करीब 1.5 अरब डॉलर (लगभग 12,500 करोड़ रुपए) है, जिससे यह दुनिया का सबसे महंगा अर्थ इमेजिंग सैटेलाइट बन गया है।

**परियोजना** की कुल लागत करीब 12,500 करोड़ रुपए

**इस महीने** के अंत में श्रीहरिकोटा से लॉन्च करेंगे सैटेलाइट



### हर 12 दिन में एक ही स्थान की इमेजिंग करेगा

निसार उपग्रह से भूकंप, भूस्खलन, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्री बदलाव और अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों की सटीक निगरानी हो सकेगी। यह सैटेलाइट हर 12 दिन में पृथ्वी के एक ही स्थान की इमेजिंग करेगा, जिससे वैज्ञानिक माइक्रो-लेवल बदलाव तक को पहचान सकेंगे। इससे न केवल भारत और अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया को जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी करने में मदद मिलेगी। लॉन्च के 1 से 3 महीनों के भीतर यह उपग्रह डेटा देना शुरू कर देगा।

### निसार में हैं दो रडार

निसार सैटेलाइट को खास बनाने वाली इसकी दोहरी आवृत्ति वाली रडार तकनीक है। इसमें दो अलग-अलग रडार लगे हैं पहला एस-बैंड रडार जिसे इसरो के अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लिकेशन सेंटर ने बनाया है। दूसरा एल-बैंड रडार, जिसे नासा की कैलिफोर्निया स्थित जेट प्रपल्शन लैब ने तैयार किया है। दोनों रडार मिलकर पृथ्वी की सतह पर सूक्ष्म बदलाव, ध्रुवीय बर्फ, ग्लेशियरों की गतिविधि, ज्वालामुखी, भूस्खलन और भूकंप जैसे घटनाओं पर नजर रखेंगे। यह तकनीक सिंथेटिक एपर्चर रडार पर आधारित है। इस अभूतपूर्व मिशन की नींव 2012 में इसरो और नासा के बीच बातचीत से रखी गई थी।

---

**विदेशमंत्री ने दिया जवाब**

# भारत पर 500% टैरिफ की धमकी, जयशंकर बोले- उठाएंगे जरूरी कदम

## एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सीनेटर लिंडसे ग्राहम के बिल पर है हमारी नजर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिका के उस प्रस्ताव पर बात की, जिसमें भारत से आने वाले सामान पर 500% तक टैरिफ लगाने का संकेत दिया गया है। यह टैरिफ रूस से तेल खरीदने के कारण लगाया जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि भारत इस मामले पर पूरी नजर रखे हुए है। अगर इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर कोई असर पड़ता है, तो भारत जरूरी कदम उठाएगा। जयशंकर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'सीनेटर लिंडसे ग्राहम के बिल पर हमारी नजर है। अमेरिका में जो कुछ भी हो रहा है, अगर उससे हमारे हितों पर कोई असर पड़ता है, तो हम उसमें दिलचस्पी रखते हैं।' एस जयशंकर ने आगे कहा, 'हमारा दूतावास और राजदूत सीनेटर ग्राहम के संपर्क में हैं। हमने अपनी ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के बारे में उन्हें बता दिया है। इसलिए, जब ऐसी स्थिति आएगी, तब हम देखेंगे।'

### अमेरिका दे रहा टैरिफ लगाने की धमकी

ग्राहम के बिल को सीनेट में 80 से ज्यादा लोगों का समर्थन मिल रहा है। इस बिल में कहा गया है कि अगर कोई देश रूस से तेल, गैस, यूरेनियम या कोई और सामान खरीदता है, तो उस देश से आने वाले सामान पर 500% तक टैरिफ लगाया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बिल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शायद ही रोक पाएं। ग्राहम ने एबीसी न्यूज से बात करते हुए कहा, 'यह एक बड़ी सफलता है। यह बिल क्या करता है? अगर आप रूस से सामान खरीद रहे हैं और यूक्रेन की मदद नहीं कर रहे हैं, तो आपके सामान पर अमेरिका में 500% का टैरिफ लगेगा। भारत और चीन पुतिन के तेल का 70% खरीदते हैं। वे उसकी युद्ध मशीन को चालू रखते हैं।' इसका मतलब है कि अगर भारत रूस से तेल खरीदता रहा, तो यहां से जाने वाले सामान पर टैक्स बहुत ज्यादा बढ़ सकता है।



### यह है वजह

भारत, यूक्रेन युद्ध के बाद भी रूस से तेल खरीद रहा है। भारत के रूस के साथ पुराने संबंध हैं, इसलिए पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। कुछ रिपब्लिकन सांसद इस बिल को लेकर थोड़े हिचकिचा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। ग्राहम ने बताया कि वे ट्रंप के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे बिल को 84 लोगों का समर्थन मिल रहा है। इससे राष्ट्रपति को चीन, भारत और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने का अधिकार मिल जाएगा, ताकि वे व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को सपोर्ट करना बंद कर दें और बातचीत की टेबल पर आएं। कल पहली बार राष्ट्रपति ने मुझसे कहा... मैं उनके साथ गोल्फ खेल रहा था। उन्होंने कहा, 'अब तुम्हारे बिल को आगे बढ़ाने का समय आ गया है।'इस बिल में एक और बात है। अगर कोई देश यूक्रेन की रक्षा में मदद कर रहा है, तो उसे इस टैरिफ से छूट मिल सकती है। भारत के लिए, अमेरिका एक बड़ा एक्सपोर्ट मार्केट है। इसलिए, इस बिल का भारत की अर्थव्यवस्था और कूटनीति पर बहुत असर पड़ सकता है। अगर अमेरिका भारत से आने वाले सामान पर इतना ज्यादा टैक्स लगा देगा, तो भारत को बहुत नुकसान हो सकता है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर लगेगी मुहर, कृषि क्षेत्र को लेकर भारत अपनी शर्तों पर अड़ा

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अगले 48 घंटों में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते पर पहुंचने के लिए वॉशिंगटन में बातचीत चल रही है। भारत के व्यापार प्रतिनिधि समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए अभी कुछ और दिन वॉशिंगटन में रहेंगे। दोनों देश 9 जुलाई की समय सीमा से पहले एक व्यापार समझौता करना चाहते हैं क्योंकि अगर इस दिन तक डील नहीं हुई तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत से अमेरिका में आने वाले सामानों पर हाई टैरिफ लगाना शुरू कर देंगे। हालांकि, भारत कृषि और डेयरी क्षेत्रों को अमेरिका के लिए पूरी तरह से न खोलने के अपने रुख पर अड़ा हुआ है, इसके साथ ही भारत की ओर से कपड़ा, जेम्स एंड ज्वेलरी, चमड़े के सामान, प्लास्टिक और केमिकल जैसे श्रम प्रधान उद्योगों तक अधिकपहुंच की मांग भी की गई है।

---

**खबर संक्षेप**

### दलाई लामा ही तय करेंगे अपना उत्तराधिकारी : भारत



**नई दिल्ली।** दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर भारत ने चीन को सीधा जवाब दिया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साफ कहा है कि अपना अगला उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार सिर्फ दलाई लामा को है। किसी और को इस बारे में बोलने का हक नहीं है। दलाई लामा ने खुद कहा है कि उनकी संस्था आगे भी जारी रहेगी। गादेन फोड्रंग ट्रस्ट को ही उनके अगले अवतार को चुनने का अधिकार होगा। रिजिजू ने कहा कि दलाई लामा बौद्ध धर्म के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं।

### इंडियन आर्मी ने 'नौशेरा के शेर' को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने गुरुवार को ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान को श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्रिगेडियर उस्मान 1947-48 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में 3 जून के दिन ही नौशेरा की भीषण लड़ाई में शहीद हुए थे।

**बिहार मतदाता सूची**

# वोट के अधिकार पर चोट करने का षड्यंत्र रच रहा चुनाव आयोग

### कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने प्रेस वार्ता कर लगाया आरोप

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस के एआईसीसी मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार की मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हम सभी के पास वोट देने का एक महत्वपूर्ण अधिकार है, जिसके ऊपर साजिशन चोट करने के कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग वो मोहरा है, जो ये कदम उठा रहा है। हम लगातार इस मुद्दे पर सवाल उठा रहे हैं। हैरानी की बात है- जब लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी या राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मांग करते हैं कि वोटर लिस्ट दे दीजिए, वोटिंग के दिन की फुटेज दे दीजिए तो महीनों तक चुनाव आयोग का जवाब तक नहीं आता है, लेकिन यहां एक महीने में पूरे बिहार की नई वोटर लिस्ट बन जाएगी।




### धमका रहे आयुक्त

खेड़ा ने कहा कि इस बारे में हमारे कुछ अधिकृत लोग चुनाव आयोग को चिट्ठी भेजते हैं और जब हम उनसे मिलने जाते हैं, तो मुख्य चुनाव आयुक्त हमें धमकाने वाले लहजे में कहते हैं- ये 'नया चुनाव आयोग है, नया नॉर्मल है'- जिसमें चुनाव आयुक्त तय करेंगे कि वे कांग्रेस के किस नेता से मिलेंगे।

### शुरू की एक नई परंपरा

खेड़ा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने एक नई परंपरा शुरू की है, जिसमें वे पत्रकारों को मैसेज करके खबरें प्लांट करते हैं और सोचते हैं, वो बात गुप्त रह जाएगी, लेकिन आपको बता दूं- कोई बात गुप्त नहीं रह जाती है। आप भूल जाते हैं कि उसका स्क्रीन शॉट हमारे पास भी आ जाता है।

### आयोग से पूछे ये सवाल

खेड़ा ने कहा कि सवाल है आप क्या विरासत छोड़कर जाएंगे? क्या देश चुनाव आयोग के अधिकारियों को इसलिए याद रखेगा कि पूरा विपक्ष वोटर लिस्ट मांग रहा था और आप नहीं दे रहे थे? वोटिंग के वीडियो फुटेज 45 दिन बाद नहीं दिए जाएंगे! महाराष्ट्र में अचानक 5 बजे के बाद वोटिंग प्रतिशत बढ़ गया, लेकिन आपने आज तक इसपर जवाब नहीं दिया?

### बिहार के 20% वोटरों से उनका अधिकार छीनने की साजिश

*बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा चर्चा के दौरान चुनाव आयोग का एग्रेशन देखकर समझकर आ रहा था कि 'मानो उन्होंने ठान लिया है कि बिहार के 20% वोटरों से उनका अधिकार छीन लेना है।' सवाल ये भी है कि चुनाव आयोग की अधिसूचना के बाद मात्र 19 दिन में ये काम कैसे हो पाएगा. हमें इस कदम से साफ-साफ नजर आ रहा है कि बिहार के वोटरों के साथ ये अन्याय है।*

### आयोग कर रहा वोटबंदी किसी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं

विपक्षी इंडिया ब्लॉक ने बिहार में बड़े पैमाने पर मतदाता सूची में संशोधन को 'वोटबंदी' का नाम दिया है। **INDIA** ब्लॉक के 11 दलों के प्रतिनिधिमंडल ने इसे लेकर बुधवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। **CPI(ML)** लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा, 'चुनाव आयोग से मुलाकात के बाद हमारी चिंताएं और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि आयोग ने हमारे किसी भी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दिया।'

### तेजस्वी ने लगाया यह आरोप



बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी चुनाव आयोग से सवाल किया- 'चुनाव से ठीक पहले आप वोटर लिस्ट क्यों बना रहे हैं? क्या इतने कम दिनों में बिहार के सभी लोगों की वोटर लिस्ट बनेगी?' अगर वास्तव में सुधार करना चाहते थे तो लोकसभा चुनाव के बाद तुरंत क्यों नहीं किया?'

# आम आदमी पार्टी अकेले लड़ेगी बिहार में विधानसभा चुनाव

### केजरीवाल ने कहा लोस चुनाव भर के लिए था गठबंधन



**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इसी कड़ी में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने गुरुवार, 3 जुलाई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आम आदमी पार्टी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी और किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। केजरीवाल ने साफ किया कि इंडिया गठबंधन केवल लोकसभा चुनावों तक सीमित था, और उसका विस्तार बिहार विधानसभा चुनावों तक नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'हम बिहार की जनता के बीच जाएंगे और बदलाव की राजनीति लेकर सामने आएंगे।'

### साल के आखिर में होंगे चुनाव

बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने की संभावना है। हालांकि, अभी तक चुनाव आयोग ने तारीखों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। पिछले विधानसभा चुनाव अक्टूबर-नवंबर 2020 में हुए थे, जिसमें एनडीए (एनडीए) ने सरकार बनाई थी और नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद 2022 में उन्होंने महागठबंधन (राजद-जेडीयू) के साथ मिलकर सरकार बनाई, लेकिन 2024 में एक बार फिर बीजेपी के साथ वापसी की।

### इन मुद्दों पर लड़ेगी चुनाव

आम आदमी पार्टी के बिहार चुनाव लड़ने का फैसला राज्य की राजनीति में नया मोड़ ला सकता है। केजरीवाल की पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अपने मॉडल के जरिए बिहार में वोटरों को लुभाने की कोशिश करेगी। आप का यह कदम सीधे तौर पर राजद, जेडीयू और बीजेपी जैसी बड़ी पार्टियों की रणनीति को प्रभावित कर सकता है। अब देखना होगा कि आम आदमी पार्टी बिहार के सियासी मैदान में कितनी पकड़ बना पाती है।

## फरवरी में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत

# औद्योगिक उत्पादन फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर पर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देश के औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर इस साल फरवरी में सुस्त पड़कर छह महीने के निचले स्तर 2.9 प्रतिशत पर आ गयी। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण सुस्त पड़ी है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में फरवरी 2024 में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस बीच, सरकार ने जनवरी, 2025 के लिए औद्योगिक वृद्धि के आंकड़े को संशोधित कर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में जारी आंकड़ों में इसके पांच प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

### गिरावट चौतरफा रही

इससे पहले, पिछला निचला स्तर पिछले साल अगस्त में रहा था। उस समय वृद्धि दर शून्य प्रतिशत पर स्थिर रही थी। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, "...पिछले साल फरवरी 29 दिन का होने से तुलनात्मक आधार कमजोर रहा और आईआईपी की सालाना वृद्धि इस साल फरवरी में घटकर 2.9 प्रतिशत रही...गिरावट चौतरफा रही।

**विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्र का खराब प्रदर्शन**

**बिजली को छोड़कर दो क्षेत्रों में वृद्धि दर धीमी रही**

**खनन का वृद्धि प्रदर्शन बिगड़ने की आशंका**



### बिजली का उत्पादन धीमा होकर 3.6 फीसदी

*आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2025 में बिजली उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 3.6 प्रतिशत पर रही जो एक साल पहले इसी महीने में 7.6 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल-फरवरी के दौरान आईआईपी में 4.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक साल पहले इसी अवधि में छह प्रतिशत थी।*

### एनएसओ ने जारी किया आंकड़ा

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि फरवरी, 2025 में सुस्त पड़कर 2.9 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.9 प्रतिशत थी। खनन उत्पादन वृद्धि आलोच्य महीने में 1.6 प्रतिशत रही जो एक साल पहले फरवरी महीने में 8.1 प्रतिशत थी।

### सालाना आधार पर वृद्धि कम रही

*उपयोग आधारित वस्तुओं समेत बिजली को छोड़कर दो क्षेत्रों में वृद्धि दर धीमी हुई है। इसके कारण इस साल फरवरी में सालाना आधार पर वृद्धि कम हुई है।" उन्होंने कहा, "खनन का वृद्धि प्रदर्शन फरवरी, 2025 की तुलना में मार्च, 2025 में बिगड़ने की आशंका है।*

### निर्माण के सामानों में तेजी

आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2025 में गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं का उत्पादन 2.1 प्रतिशत घटा, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी। बुनियादी ढांचे/निर्माण के सामानों की वृद्धि फरवरी 2025 में 6.6 प्रतिशत रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 8.3 प्रतिशत थी।

### प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार प्राथमिक वस्तुओं के उत्पादन में फरवरी 2025 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले फरवरी में इसमें 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मध्यवर्ती वस्तुओं के क्षेत्र में वृद्धि आलोच्य महीने में 1.5 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले फरवरी में 8.6 प्रतिशत थी।

# गोरखपुर में रेलवे पुलिस की बड़ी कामयाबी, नाबालिगों के सहारे चला रहा था मोबाइल चोरों का गैंगसरगना भी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गोरखपुर रेलवे पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में यात्रियों का मोबाइल फोन सहित अन्य सामान चुराने वाली एक महिला, तीन बाल अपचारियों सहित पांच लोगों को जीआरपी ने गिरफ्तार। गिरफ्तार बाल अपचारी यात्रियों की जेब से मोबाइल फोन चुराकर बड़े शातिरों को दे देते हैं। इस दौरान अगर किसी को शक भी होता तो बच्चा देख नजरअंदाज कर देता। इंस्पेक्टर जीआरपी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि चोरों के गैंग से पूछताछ में जो जानकारी मिली है। उसके आधार पर आगे की जांच की जा रही है। उनके पास से एक लाख कीमत का मोबाइल फोन मिला है। एसपी जीआरपी संदीप कुमार मीना ने पुलिस टीमों को लगातार भ्रमणशील रहकर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बुधवार को रेलवे पुलिस टीम रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया और ट्रेनों में



सघन तलाशी के लिए निकली, इसी दौरान कुछ संदिग्ध लोग दिखे। जब पुलिस टीम उनकी तरफ बढ़ी तो वे भागने लगे। पुलिस ने दौड़ा कर उन्हें दबोच लिया और तलाशी ली तो काफी सारे चोरी के मोबाइल फोन मिले।पूछताछ में उनकी पहचान तिवारीपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर वार्ड नंबर-13 में रहने वाले अली और उसके तीन अन्य नाबालिग सहयोगियों के रूप में हुई। छानबीन के बाद उनके पास से पुलिस ने चोरी का सात मोबाइल फोन बरामद किया। सघन चेकिंग अभियान में रेलवे स्टेशन के गेट नंबर एक के पास बैठी एक महिला को चोरी के मोबाइल फोन संग पकड़ा। वह संतकबीर नगर जिले के बखिरा की रहने वाली है। वह महिलाओं के बीच में बैठकर ट्रेनों का इंतजार करने के बहाने चोरी करती है। गोरखपुर से चोरी मोबाइल फोन को संत कबीर नगर में ले जाकर बेच देती है। इससे जो रुपया उसे मिलता है। उसी से अपना भरन पोषण करती थी। पुलिस ने जब सख्ती से पूछताछ की तो सामने आया कि प्लेटफार्म और ट्रेनों में सो रहे यात्री ही ज्यादातर निशाना बनते थे।उनका मोबाइल फोन चुराकर दूसरी बोगी में घुस जाते हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# पिपंल और एक्ने को दूर करने के लिए यूं इस्तेमाल करें जायफल

जायफल का इस्तेमाल भोजन में फ्लेवर लाने के लिए किया जाता है। जायफल के एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर होने वाले हर तरह के इन्फेक्शन से छुटकारा दिलाने में मदद करते हैं। जायफल में औषधीय गुण भी होते हैं जिन्हें त्वचा को निखारने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। जायफल में मैग्नीशियम, कॉपर और विटामिन बी1 और बी6 होता है जोकि सेहत के लिए जरुरी माना जाता है। इसके ये गुण त्वचा पर बहुत ही कारगर होते हैं। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लामेट्री गुण पिंपल्स और एक्ने के इलाज में मददगार साबित होते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि जायफल को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करने से क्या फायदे होगें और आप इसे किस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।



**1.कलौंजर**

1 चम्मच जायफल पाउडर और 1-2 चम्मच दूध लें। दोनों को मिक्स करके पेस्ट बना लें, अब इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं।10-15 मिनट बाद चेहरे को धो लें। जायफल के रेजुवेनटिंग गुण और दूध में लैक्टिक एसिड मौजूद होने के कारण आपकी स्किन एकदम सुंदर और मुलायम हो जाएगी।

**2. एक्ने और पिंपल्स पर असरदायक**


अगर आपकी स्किन ऑयली है और आपके चेहरे पर एक्ने और दानें निकल आएं हैं तो 1 चम्मच जायफल पाउडर में शहद की कुछ बूंदें मिलाकर चेहरे पर लगाएं। कुछ समय बाद अपना चेहरा धों ले। दो हफ्तों में ही असर नजर आने लगेगा। जायफल और दूध दोनों में एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लामेट्री गुण होते हैं जो एक्ने को दूर करने में मदद करते हैं।

**3.पिगमेंटेशन के लिए**

जायफल में पाए जाने वाले गुण आपकी त्वचा की रंगत को निखारने और पिगमेंटेशन के साथ-साथ गहरे दाग-धब्बों को दूर करने में सहायता करते हैं। ये सूरज की तेज किरणों से त्वचा को होने वाले नुकसान को भी ठीक करता है। पैक बनाने के लिए एक साफ कटोरी लें और इसमें जायफल पाउडर, योगर्ट और नींबू के रस की कुछ बूंदें मिलाएं। चेहरे पर पेस्ट को लगाएं और 8-10 मिनट के बाद ठंडे पानी से चेहरा धोकर सुखा लें। इसके बाद मॉइश्चराइजर लगाएं। आपकी स्किन पहले से ज्यादा ग्लोइंग नजर आऐंगी।

**4.त्वचा को एक्सफोलिएट**

त्वचा को एक्सफोलिएट करके स्किन की सफाई करता है। आप अपनी डेड स्किन को स्क्रब करने के लिए जायफल पाउडर में शहद, बेकिंग सोडा और लौंग का तेल, नींबू के रस की बूंदे एकसाथ मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और चेहरे पर धीरे-धीरे स्क्रब करें। 5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा धोकर सुखा लें।



# हफ्ते में पलकें होगी घनी अगर रोजाना करेंगे ये 3 काम

घनी पलके आखों की खूबसूरती को चार चांद लगा देती है। जिनकी पलके छोटी होती है उनकी आंखों की खूबसूरती फिकी दिखती है। अपनी पलकों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए युवतियां अक्सर नकली लैशेज लगाती हैं। परंतु आप चाहें तो कुछ टिप्स को अपनाकर घर पर ही घनी आई लैशेज पा सकती हैं। इससे आपकी पलकें घनी और खूबसूरत लगेगी।

**1. कैस्टर ऑयल**

रात में कैस्टर ऑयल लगाकर सोएं। नियमित रूप से इसे लगाने के कुछ हफ्तों बाद ही आपको फर्क नजर आने लगेगा। लैशेज के साथ-साथ आप आई ब्रोज को भी घना बना सकती हैं।

**2. विटामिन-ई**

विटामिन-ई कैप्सूल को तोड़कर आई लैशेज पर लगाएं। आप चाहें तो लगाकर सो जाएं या फिर 20 मिनट बाद आंखों को साफ कर लें।

**3. आई लिड मसाज करें**

रिंग फिंगर से हल्की-हल्की मसाज करें तथा मसाज करने से पहले उंगलियों को अच्छी तरह धो लें। यह आंखों के आसपास के हिस्से में रक्त प्रवाह को बढ़ाएगा।

# सूखी खांसी को जल्दी ठीक कर देंगे ये घरेलू नुस्खे



बार-बार खांसी करने से कोई भी काम करने में अच्छी खासी परेशानी आती है। इससे गले और पसलियों में दर्द भी होने लगता है। मौसम में बदलाव आ जाने से इस तरह की समस्या होने की संभावना ज्यादा होती है। इसके अलावा ज्यादा ठंड़ी या खट्टी चीजें भी गला खराब कर देती हैं। सूखी खांसी हो जाने पर जल्दी आराम आना भी मुश्किल हो जाता है और कफ सीरप पीने से नींद भी ज्यादा आने लगती है। ऐसे में दादी-नानी के अजमाए नुस्खे आपके काम आ सकते हैं।

**1. शहद**

एक चम्मच शहद दिन में 3 बार लें, इससे बहुत राहत मिलेगी।

**2. काली मिर्च**

पिसी काली मिर्च को घी में भूनकर खाने से खांसी जल्दी ठीक हो जाती है।

**3. प्याज**

आधा चम्मच प्याज के रस में 1 छोटा चम्मच शहद मिलाकर दिन में दो बार लें।

**4. हल्दी**

आधा कप उबले पानी में चुटकी भर हल्दी,पिसी काली मिर्च डालकर चाय की तरह पीएं।

**5. नींबू**

नींबू के रस में शहद मिक्स करके दिन में चार बार सेवन करने से खराश दूर होती है।

# अगर आपका बच्चा भी करता है ज्यादा गुस्सा तो यूं करें उसे Treat



जब बच्चा बात-बात पर चिड़ने या गुस्सा करने लगता है तो पेरेंट्स चिंता में पड़ जाते हैं। उनकी सबसे बड़ी परेशानी यही होती है कि उन्हें समझ ही नहीं आता कि आखिर बच्चा ऐसा क्यों कर रहा हैं। बिना बच्चे के चिड़चड़ेपन या गुस्से का कारण जाने बिना पेरेंट्स उन्हें डांटने या मारने लगते हैं। इससे बच्चा और भी जिद्दी हो जाता है और गलत दिशा में पड़ जाता हैं। अगर आप नहीं चाहते कि आपका बच्चा गलत राह पर जाए तो उसकी इन हरकतों के पीछे का कारण जाने न कि उसे डांट या फटकार लगाएं।

चलिए जानते है वह कौन सा कारण है जो आपके हंसते खेलते बच्चों को एकदम से चिड़चिड़ा या गुस्सैल बना देता है।

**बच्चे का अकेलापन**

भागदौड़भरी जिंदगी में माता-पिता दोनों वर्किंग होते है जिस वजह से वह अपने बच्चों को टाइम नहीं दे पाते। यहीं वजह है कि बच्चा खुद को अकेला महसूस करने लगता है और उसका व्यवहार चिड़चिड़ा और गुस्सैल हो जाते हैं। अक्सर पेरेंट्स इसे बच्चे की नादानी या बदतमीजी समझकर अनदेखा कर देते है जो सबसे बड़ी गलती हैं। माता-पिता को बच्चे की गलत आदतों की अनदेखा नहीं करना चाहिए बल्कि उसके कारणों को पहचानने की कोशिश करें। दरअसल, बच्चा खेलकूद न कर पाने या स्कूल में कोई विषय न समझ या माता-पिता की अटेंशन न मिल पाने के कारण व्यवहार चिड़चिड़ा या गुस्सैल बन जाता है।

**दूसरों के सामने डांटें नहीं, समझाएं**

अक्सर पेरेंट्स बच्चे के इस हाइपरएक्टिव स्वभाव को बदतमीजी मानकर उसे रिश्तेदारों या दोस्तों के सामने डांटते-फटकारते हैं जिसका असर बच्चे की मानसिकता और आत्मविश्वास पर पड़ता है। पेरेंट्स को चाहिए कि बच्चे के आसपास ऐसा माहौल बनाएं जिससे बच्चा अपनी हाइपरएक्टिविटी से बाहर निकल सकें।

- बच्चों को दूसरों के सामने मारने के बजाए प्यार से समझाएं।
- अपने गुस्से व चिंताओं पर नियंत्रण रखें।
- खुद को चिंतामुक्त रखने के लिए फैमिली के साथ बाहर घूमने जाएं।
- बच्चे को कभी अपनी चिंताओं का दोष न दें।
- घर में सकारात्मक वातावरण बनाने की कोशिश करें।
- बच्चे के साथ ज्यादा से ज्यादा टाइम स्पेंड करें।
- फैमिली के साथ हर हफ्ते मूवी प्लान करें।
- स्कूल या फ्रैंड्स से जुड़ी बातें बच्चों से पूछें।

**हाइपरएक्टिव बच्चे के साथ ऐसा हो व्यवहार**

1. हाइपरएक्टिव बच्चों को खेलकूद और बाहरी एक्टिविटीज में व्यस्त रखें। बच्चों को डांस या आर्ट क्लास ज्वाइन करवाएं। बच्चों को आउटडोर गेम्स खेलने के लिए भेजे। इससे बच्चे का मन शांत व खुश रहेगा और उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा।
2. हाइपरएक्टिव बच्चे हर गतिविधि पर नजर रखें। उसके स्कूल टीचर से रोज मिले और उसके व्यवहार से जुड़ी जानकारी लेते रहें। टीचर से रिक्वेस्ट करें कि बच्चे को आगे वाली सीट पर बैठाएं।
3. इस तरह के बच्चों को किसी न किसी खेल या दूसरों बच्चों के साथ मिलकर रहने दें। इससे उनके गुस्से व चिड़चिड़ेपन पर काबू पाया जा सकता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# ओटीटी पर नए सफर की शुरूआत करेंगी ट्विंकल

**ट्विंकल खन्ना** करीब 24 साल से बॉलीवुड से दूर हैं, उनकी आखिरी फिल्म लव के लिए कुछ भी करेगा साल 2001 में रिलीज हुई थी, लेकिन अब वह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में वापसी करने जा रही हैं, हालांकि वह फिल्म में नजर नहीं आएंगी, लेकिन वह एक चैट शो होस्ट करने वाली हैं। इसमें उनका साथ काजोल देंगी। चैट शो ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर प्रीमियम किया जाएगा। खबर के मुताबिक चैट शो में बॉलीवुड के बड़े कलाकार मेहमान बनकर आएंगे और यह दोनों उनका इंटरव्यू लेंगी। फिल्मफेयर ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि प्राइम वीडियो एक सेलिब्रिटी चैट शो बनाने जा रहा है और इसमें काजोल और ट्विंकल खन्ना होस्ट के तौर पर नजर आएंगी। चैट शो में मेहमान के तौर पर शाहरुख खान, आमिर खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन जैसे कलाकार हिस्सा लेंगे। चैट शो का नाम क्या होगा इसके बारे में अभी खुलासा नहीं किया गया है। खबर के मुताबिक चैट शो के 8 एपिसोड होंगे और आने वाले वक्त में इसके कई सीजन दर्शकों को देखने मिलेंगे। हर एपिसोड में गेस्ट बनकर आया मेहमान होस्ट के साथ अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ पर बात करेगा। यह पहला मौका होगा जब काजोल और ट्विंकल खन्ना एक साथ किसी चैट शो को होस्ट करती नजर आएंगी। दोनों ने कई फिल्मों में काम किया है। लेकिन दोनों एक साथ किसी फिल्म में नजर नहीं आई हैं। ऐसे में दोनों इस नई भूमिका में क्या कमाल करती हैं, यह देखना वाकई दिलचस्प होगा।

# तलाक की अफवाहों पर गुस्से से लाल हुई माही विज

**टीवी** एक्ट्रेस माही विज पति और जय भानुशाली इस समय चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच माही जय संग तलाक को लेकर चल रही अफवाहों पर भड़क उठी हैं। उन्होंने लोगों को नसीहत दी है कि जियो और जीने दो। दरअसल दोनों की पर्सनल लाइफ को लेकर बीते काफी समय से सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है कि दोनों के बीच रिश्ता ठीक नहीं है। दोनों के बीच मतभेद चल रहा है और अब दोनों अलग होने की सोच रहे हैं। हालांकि जय भानुशाली और माही की तरफ से अब तक इस पर कोई बयान सामने नहीं आया था, लेकिन अब माही विज अफवाह पर भड़की हुई नजर आ रही हैं। माही ने अपने व्यक्तिगत जीवन को लेकर बातें की, जब उनसे पूछा गया कि सोशल मीडिया पर आपके और जय भानुशाली के बीच मतभेद की खबरें सामने आ रही है, कहा यह भी जा रहा है कि दोनों अलग होने का विचार कर रहे हैं? इस पर माही विज ने कहा, अगर ऐसा है भी तो मैं आपको क्यों बताऊं? क्या आप मेरे अंकल हैं? क्या आप मेरे वकील की फीस देंगे? लोग क्यों किसी के डाइवोर्स और अलग होने को इतना बड़ा मुद्दा बना देते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं देखती हूं लोग मेरे कमेंट सेक्शन में लिखते हैं, जय डीसेंट है और माही अच्छी नहीं है, कोई लिखता है माही अच्छी है जय उसके साथ बुरा कर रहा है। वह बस किसी ने किसी पर आरोप लगाना चाहते हैं। आपको पता भी नहीं है कि सच क्या है? माही और जय भानुशाली दोनों ही टीवी के कलाकार हैं।



